आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार
दिनांकः 11.09.2024 समय : 18.30 पीएम

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा–सरकार भारत को सेमीकंडक्टर पावर हाउस बनाने के लिए सभी ज़रूरी कदम उठाएगीं
- उद्योग और वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्द्धन राठौड़ ने 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के जरिए निवेश जुटाने को सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता बतायां
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नर्सों को राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार 2024 से सम्मानित कियां
- प्रदेश के कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश–धौलपुर में लगातार बरसात से जनजीवन प्रभावित–चंबल नदी का जल स्तर खतरे के निशान के करीब पहुंचां

000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत सेमीकंडक्टर पावर हाउस बनाने के लिए हर कदम उठाएगां उन्होंने कहा कि सरकार देश में चिप उत्पादन की संख्या बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रही है ताकि हर डिवाइस को भारत में निर्मित चिप से लैस किया जा सकें प्रधानमंत्री ने आज ग्रेटर नोएडा में सेमीकॉन इंडिया 2024 का उद्घाटन करते हुए कहा कि देश में इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर उद्योग को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न प्रयास किये जा रहे हैं

............

000

उद्योग और वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्द्धन राठौड़ ने कहा है कि 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 के जरिये प्रदेश में निवेश जुटाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता हैं श्री राठौड़ आज जयपुर में राइजिंग राजस्थान समिट पर सरकार की तैयारियों को लेकर मीडिया को संबोधित कर रहे थें उन्होंने कहा कि निवेश को लेकर सरकार की गंभीरता को इसी बात से समझा जा सकता है कि राज्य सरकार पहले साल में यह सम्मेलन आयोजित कर रही है, जबकि पूर्ववर्ती सरकार ने चौथे साल में सम्मेलन आयोजित किया थां श्री राठौड़ ने कहा कि प्रदेश में निवेश आने से यहां के युवाओं को हर तरीके से फायदा होगां उन्होंने कहा कि यह समिट पहले हुए इन्वेस्टमेंट सम्मेलन से अलग हैं श्री राठौड़ ने कहा कि सरकार का मकसद केवल कागजों में एमओयू करना नहीं है, बल्कि निवेश को धरातल पर उतारना हैं इसके लिये सरकार ने व्यापक तैयारियां की हैं और इसके लिए मैसिव आउटरीच शुरू किया गया हैं साथ ही कई वरिष्ठ अधिकारियों को विभिन्न देशों और राज्यों में रहने वाले निवेशकों के साथ समन्वय के लिए प्वाइंट ऑफ कॉन्टेक्ट के रूप में नियुक्त किया गया हैं

.............

श्री राठौड़ ने कहा कि राइजिंग राजस्थान इंवेस्टमेंट समिट से पहले विदेशों और देश के विभिन्न शहरों में भी समिट आयोजित की जाएंगें उन्होंने कहा कि सरकार ने प्रदेश में निवेश के वातावरण को सरल और सहज बनाने के लिए कई पहल की हैं करीब 21 नई पॉलीसी लाई गयी हैं वहीं पुरानी पॉलिसी में संशोधन भी किया गया हैं

.............

गौरतलब है कि 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इंवेस्टमेंट समिट जयपुर में 9 से 11 दिसम्बर तके आयोजित किया जायेगां

000

पुलिस महानिदेशक साइबर अपराध और एस.सी.आर.बी. हेमंत प्रियदर्शी ने कहा है कि साइबर ठगी के मामलों में आम नागरिकों की सुविधा ओर जागरूकता के लिए केन्द्र सरकार ने कई पहल की हैं इसी सिलसिले में दूर संचार विभाग के पोर्टल संचार साथी पर लोगों की सहायता के लिए कई फीचर्स उपलब्ध हैं श्री प्रियदर्शी ने बताया कि 'व्हाट्सएप मैसेज' या 'व्हाट्सएप कॉल' के माध्यम से 'संदिग्ध फ्रॉड' के मामलों की शिकायत या सूचना 'संचार साथी' पोर्टल पर 'चक्षु' सेवा के लिंक पर जाकर दर्ज कराई जा सकती हैं उन्होंने बताया कि 'चक्षु पर रिपोर्ट दर्ज होने के बाद दूरसंचार विभाग द्वारा आवश्यक जांच–पड़ताल की जाती हैं फिर संदिग्ध नम्बर को बंद करने और अन्य आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाती हैं उन्होंने बताया की 'संचार साथी' पोर्टल पर उपलब्ध एक अन्य महत्त्वपूर्ण सुविधा के तहत कोई भी

व्यक्ति यह जांच सकता है कि जिन दस्तावेजों के आधार पर उस व्यक्ति का 'मोबाईल नम्बर' चल रहा है, उन्हीं दस्तावेजों के आधार पर गलत तरीके से कोई अन्य व्यक्ति दूसरी सिम का इस्तेमाल तो नहीं कर रहा हैं

000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में नर्सों को राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार 2024 से सम्मानित कियां राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार की स्थापना वर्ष 1973 में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा की गई थीं यह पुरस्कार नर्सों और नर्सिंग पेशेवरों द्वारा समाज को प्रदान की गई सराहनीय सेवाओं के लिए मान्यता के रूप में दिया जाता हैं
राष्ट्रपति ने राजस्थान से नर्सिंग कर्मी राधेलाल शर्मा को ये पुरस्कार देकर सम्मानित कियां श्री शर्मा जयपुर के सवाईमानसिंह अस्पातल में वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं उन्होंने इस पुरस्कार के लिए सरकार को धन्यवाद दियां श्री शर्मा ट्रोमा केयर और अंगदान सहित सेहत संबंधी अन्य विषयों पर जागरुकता कार्यक्रम भी चला रहे हैं

.....................

000

प्रदेश के कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हुई हैं वहीं धौलपुर जिले में कल रात से लगातार हो रही बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ हैं शहर के लगभग सभी मार्गों पर पानी भर गया हैं इससे लोगों को आवागमन में भारी परेशानी हो रही हैं वहीं आंगई बांध में पानी की ज्यादा आवक होने के कारण बांध के छह गेट खोलकर पार्वती नदी में पानी को छोड़ा जा रहा हैं जिला प्रशासन ने पार्वती नदी के किनारे बसे सभी गांव में हाई अलर्ट घोषित किया हैं इसके अलावा हाड़ौती अंचल में लगातार बारिश के कारण चंबल नदी में पानी की भारी आवक हो रही हैं इससे चंबल नदी भी खतरे के निशान के पास पहुंच गई हैं जिला प्रशासन ने नदी के किनारे बसे करीब 50 गांव में हाई अलर्ट घोषित कर एसडीआरएफ की टीम में लगाई हैं उधर, सवाईमाधोपुर में आज आपदा प्रबंधन और सहायता तथा नागरिक सुरक्षा मंत्री डॉ किरोडी लाल मीणा ने स्थिति का जायज़ा लियां उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दियें जयपुर में आज सुबह कई इलाकों में तेज बरसात हुई इसके अलावा बांसवाडा में मूसलाधार बारिश से कई नदी नाले उफान पर हैं पाली और सवाईमाधोपुर में भी बरसात का दौर बना रहां मौसम विभाग ने प्रदेश के अधिकांश पूर्वी जिलों में आगामी तीन–चार दिन मॉनसून सक्रिय रहने और मध्यम से तेज बारिश होने की संभावना जताई हैं आज कोटा और भरतपुर संभाग में कहीं–कहीं भारी से बहुत भारी बारिश के आसार हैं इसी तरह, जयपुर, अजमेर और उदयपुर संभाग में कहीं–कहीं भारी बारिश का पूर्वानुमान हैं

000

स्वामी विवेकानंद के ऐतिहासिक शिकागो संबोधन की आज 131वीं वर्षगांठ हैं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेशवासियों को इसकी शुभकामनाएं देते हुए सोशल मीडिया संदेश में कहा कि आज हम सभी उस प्रेरणादायक क्षण को याद करते हैं, जब स्वामी विवेकानंद ने पूरी दुनिया को भारत की प्राचीन संस्कृति, वेदांत और सार्वभौमिक भाईचारे का संदेश दियां मुख्यमंत्री ने कहा कि 11 सितंबर 1893 को शिकागो में विश्व धर्म महासभा में दिए गए स्वामी विवेकानंद के ओजस्वी भाषण ने न केवल भारत की पहचान को वैश्विक स्तर पर मजबूती दी, बल्कि आज भी उनका भाषण करोड़ों युवाओं को प्रेरित करता हैं उनके आदर्श और विचार हमेशा देशवासियों के लिए पथप्रदर्शक बने रहेंगें

000

शिक्षा मंत्री और जोधपुर के प्रभारी मदन दिलावर ने आज जोधपुर में जनसुनवाई कीं उन्होंने आमजन की समस्याएं सुनकर संबंधित विभागीय अधिकारियों को उनके निस्तारण के निर्देश दिएं श्री दिलावर ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम छोर तक पहुंचाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही हैं उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा जनसुनवाई के माध्यम से आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान कर राहत प्रदान कर रही हैं इस दौरान श्री दिलावर ने जोधपुर, जोधपुर ग्रामीण और फलौदी क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याओं को सुनां

000

जयपुर के जिला प्रभारी मंत्री जोगाराम पटेल ने आज जयपुर में बजट घोषणाओं को लेकर समीक्षा बैठक कीं इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को भूमि आवंटन सहित अन्य आवश्यक प्रक्रिया जल्द से जल्द पूरी करने के निर्देश दिएं उन्होंने अधिकारियों को शहर में ड्रेनेज सिस्टम को मजबूत बनाने, यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने और सड़कों की मरम्मत कराने को कहां बैठक में प्रभारी सचिव अपर्णा अरोड़ा सहित अन्य उच्चाधिकारी उपस्थित रहें

000

सीकर के दांतारामगढ़ में हुए एक हादसे में आज तीन लोगों की मृत्यु हो गईं मेई गांव में हौद बनाने के लिए मिट्टी खोदने के दौरान ये हादसा हुआं हौद की खुदाई करते समय मिट्टी ढहने से दो भाई और उनके चाचा मिट्टी में दब गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गईं पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर शवों को बाहर निकलवायां

000

डूंगरपुर में आज कृषि विभाग की ओर से जिला स्तरीय कृषक संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गयां इस दौरान राजस्थान किसान आयोग के अध्यक्ष सी आर चौधरी और प्रभारी मंत्री बाबूलाल खराड़ी ने किसानों की समस्याएं सुनीं और उनके सुझाव जानें उन्होंने किसानों के साथ उन्नत कृषि और आय में बढ़ोतरी को लेकर भी चर्चा कीं

000